हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 8 नवंबर 2025

04 आजादी के आंदोलन का मंत्र बना था वंदे मातरम...




07 भाजपा नेता व कपड़ा व्यापारी के घर डकैती की कोशिश...





## खबर संक्षेप

### नाबालिग की दस्तयाब आरोपी को भेजा जेल

**सहोर** | बिलकिसगंज पुलिस ने 24 घंटे के अंदर नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार फरियादिया ने 5 नवंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 नवंबर की रात उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस पर थाना बिलकिसगंज में मामला दर्ज कर जांच की गई। प्रकरण महिला व नाबालिग से संबंधित होने के कारण मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। एसडीओपी पूजा शर्मा के निर्देशन में अपहर्ता बालिका व आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। इसी के तहत थाना प्रभारी उप निरीक्षक संदीप मीणा के मार्गदर्शन में टीम में सउनि देवी प्रसाद सैनी, आरक्षक तेजपाल सिंह, अर्पण कुल्हारे, आनंद मीणा, संतोष वर्मा व महिला आरक्षक अनीता वर्मा शामिल रहीं।

### चुनावी संग्राम में उपाध्यक्ष-महासचिव-ब्लॉक अध्यक्षों का भी ऐलान, कई नए चेहरों को भी मिलीं जिम्मेदारियां

# 7 महीने चली युवक कांग्रेस की चुनावी प्रक्रिया का हुआ समापन, देवेंद्र बने अध्यक्ष, 2140 वोट से जीते

चुनावी प्रक्रिया में सीहोर शहर के अध्यक्ष मुस्तफा अंजुम और सीहोर ब्लॉक के अध्यक्ष रेहान खान निर्वाचित हुए हैं। वहीं आष्टा ब्लॉक का नेतृत्व प्रवीण जाट अध्यक्ष और कपिल वर्मा तथा अंकित ठाकुर दोनों उपाध्यक्ष नियुक्त हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बीते माह जुलाई में आयोजित हुए भारतीय युवा कांग्रेस के कड़े आंतरिक चुनावों के बाद जिले में युवा नेतृत्व का नया दौर शुरू हो गया है। पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर बोरदी ने जिले की कांग्रेस पार्टी में अपनी दमदार पकड़ साबित करते हुए 2140 वोटों के भारी अंतर से युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पद जीत लिया है। जिलाध्यक्ष पद के लिए कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें देवेंद्र सिंह ठाकुर बोरदी को सर्वाधिक 6773 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी संदीप सिंह ठाकुर हाजीपुर को 4633, मनीष मेवाड़ा को 3882 और अभिलाषा धुर्वे को 73 युवाओं के वोट प्राप्त हुए।



देवेंद्र सिंह ठाकुर, जीते

**मत प्राप्त : 6773**



संदीपसिंह ठाकुर, हारे

**मत प्राप्त : 4633**

बता दें युवा कांग्रेस की यह चुनावी प्रक्रिया 18 अप्रैल को सदस्यता अभियान के साथ शुरू हुई थी। इंडियन यूथ कांग्रेस साइट से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आष्टा ब्लॉक में सर्वाधिक 14 हजार 340 युवा सदस्य पंजीकृत हुए, जबकि इछावर में 6335, सीहोर में 3131 और बुदनी में 1569 सदस्य बने। इस प्रक्रिया में नामांकन दाखिल करने से लेकर 6 नवंबर को परिणाम घोषित होने तक, संगठन ने समय-सारणी का पालन किया, जिसमें मई में नामांकन जांच और अक्टूबर में अंतिम जांच/पड़ताल का चरण शामिल था।

### ब्लॉक स्तर पर भी घोषणा

संगठन ने जिले के विभिन्न ब्लॉकों में भी नए नेतृत्व की घोषणा की है, जिसमें लोकेंद्र सिंह अध्यक्ष और अखिलेश राजपूत व हरेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष के रूप में आष्टा की कमान संभालेंगे। बुदनी में कपिल चौहान अध्यक्ष और संदीप सिंह पटेल उपाध्यक्ष बने हैं। इछावर ब्लॉक में आशीष मुकाती अध्यक्ष और रविंद्र परिहार उपाध्यक्ष होंगे, जबकि इछावर ब्लॉक के लिए रूपेश मालवीय अध्यक्ष और अंकित वर्मा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

### 27 अप्रैल से जमा हुए नामांकन

युवक कांग्रेस के चुनावी कार्यक्रम के अनुसार 18 अप्रैल को नए सदस्यों को पंजीकृत करने की प्रक्रिया शुरू हुई, जबकि चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई, जो 27 अप्रैल से 13 मई तक चली। आपत्ति के लिए 28 अप्रैल से 14 मई तक की तारीख निर्धारित की गई। 14 से 16 मई तक नामांकन की जांच हुई. 20 मई को उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। 20 जून से 30 जुलाई तक नए सदस्यों द्वारा वोट डाले गए, 20 जून से 30 जुलाई तक सदस्यों द्वारा सदस्यता शुल्क का भुगतान किया गया, जबकि 6 नवंबर को दोपहर 2 बजे चुनावी नतीजे घोषित किए गए।

### मुस्तफा सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष बने

इस चुनावी प्रक्रिया में सीहोर शहर के अध्यक्ष मुस्तफा अंजुम और सीहोर ब्लॉक के अध्यक्ष रेहान खान निर्वाचित हुए हैं। वहीं आष्टा ब्लॉक का नेतृत्व प्रवीण जाट अध्यक्ष और कपिल वर्मा तथा अंकित ठाकुर दोनों उपाध्यक्ष नियुक्त हुए। भैरुंदा ब्लॉक में शिवम यादव को अध्यक्ष चुना गया है, जबकि महासचिव के रूप में राहुल पटेल, यशवंत सिंह, अर्जुन सिंह, अजय सिंह ठाकुर और अजय ठाकुर जैसे युवा चेहरों को जिम्मेदारी दी गई है।

# तापमान 10.5 डिग्री पहुंचा: दिन-रात के पारे में दोगुना से ज्यादा का अंतर, अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज



**सीहोर**। सीहोर जिले में ठंड का असर अब तेज हो गया है। शुक्रवार को यहां न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा।

इस तरह दिन और रात के तापमान में लगभग दोगुना से ज्यादा का अंतर (करीब 19.5 डिग्री) देखा जा रहा है। मौसम वैज्ञानिक ने आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ने की संभावना जताई है।

### मौसम साफ होते ही बढ़ेगी ठिठुरन

शासकीय कृषि महाविद्यालय के मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आसमान से बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं। उन्होंने संभावना जताई कि आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। पिछले कुछ दिनों से जिले में कभी बारिश तो कभी गर्मी का मिला-जुला मौसम था। अब मौसम में बदलाव आया है, जिससे लोगों को ठंड महसूस होने लगी है।

### पिछले कुछ दिनों का न्यूनतम तापमान

4 सितंबर: 19.5 डिग्री सेल्सियस
5 सितंबर: 17.8 डिग्री सेल्सियस
6 सितंबर: 14.7 डिग्री सेल्सियस
7 सितंबर: 10.5 डिग्री सेल्सियस

### इस साल 21 जून को मानसून ने दी थी दस्तक

इस साल मानसून ने सीहोर जिले में 21 जून को दस्तक दी थी, जिसके बाद रुक-रुक कर बारिश हुई और मानसून ब्रेक की स्थिति भी बनी रही थी।

# पुरानी सब्जी मंडी तोड़ी, अब फरवरी तक बनेगी नई, नीचे 11 दुकानें, वाहनों की होगी पार्किंग

**सीहोर**। चार दशक से अधिक पुरानी सब्जी मंडी को तोड़कर नपा यहां नई सब्जी मंडी का निर्माण कर रही है। पहले प्लान बदला और फिर काम की रफ्तार धीमी हो गई। हालांकि, अब यह फरवरी तक बनकर तैयार हो जाएगी। अभी 50 फीसदी काम ही पूरा हो सका है।

इस दौरान अस्थायी रूप से दुकानें पुरानी जेल रोड के किनारे लग रही हैं। यहां सड़क पर वाहन खड़े कर देने से जाम की स्थिति बन रही है। लोगों ने इसकी शिकायत भी की, लेकिन समाधान आज तक नहीं निकला।

शहर की सब्जी मंडी काफी पुरानी हो चुकी थी, इसलिए सब्जी विक्रेताओं को दुकानें लगाने में कठिनाई हो रही थी। बरसात में यहां काफी पानी भर जाता था, जिससे लोग सब्जी नहीं खरीद पाते थे। यहां ओटलों की भी कमी थी। इस कारण कई दुकानें बाहर लगती थीं। इससे नगर पालिका ने इसी जगह पर नई सब्जी मंडी बनाने का प्लान तैयार किया और काम शुरू हो गया था, लेकिन बाद में प्लान में कुछ संशोधन होने के कारण काम को रोकना पड़ा। इससे देरी हुई सबसे बड़ा फायदा नगर पालिका के राजस्व का होगा। यदि इन दुकानों को सब्जी मंडी की दुकानों के ऊपर बनाया जाता, तो इनकी डिमांड कम होती। जब दुकानों को सब्जी मंडी के आगे बनाया जाएगा, तो इससे इस भवन का लुक भी अच्छा दिखाई देगा। मंडी का काम अधूरा पड़ा है।



अब आगे बनेंगी 11 दुकानें, ऊपर रहेंगे 108 ओटले बेसमेंट में वाहनों की पार्किंग होगी। इसमें बदलाव नहीं किया गया है। इसके ऊपर सब्जी की दुकानों के लिए 108 ओटले तैयार होंगे और आगे 11 दुकानों को आवंटित किया जाएगा। सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि फरवरी तक नई सब्जी मंडी बन जाएगी। इसके बाद इस समस्या का समाधान हो जाएगा। रोज जाम से हो रही परेशानी पुरानी जेल की जमीन पर सब्जी मंडी की दुकानें लग तो रही हैं, लेकिन यहां रोज जाम की स्थिति बन रही है। लोग सब्जी खरीदने के लिए आते हैं और अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देते हैं। इससे दूसरे वाहन नहीं निकल पाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है।

प्लान से दुकानें लगाई जाएं, तो समस्या का हो सकता है समाधान अभी जहां दुकानें लग रही हैं, वे दोनों मार्गों के किनारे लगाई जाती हैं, जबकि जेल की जमीन का पिछला हिस्सा खाली पड़ा रहता है। यदि नगर पालिका प्लान के तहत दुकानों के लिए जगह दे, तो जहां वर्तमान में दुकानें लग रही हैं, उस जगह का उपयोग वाहनों की पार्किंग के लिए हो सकता है। इससे जाम की समस्या राहत मिल सकती है।

### अन्नकूट महोत्सवों में पत्नी संग शामिल हुए विधायक सुदेश राय



**सीहोर**। परंपरा अनुसार शहर के अनेक मंदिरों और आश्रमों में अन्नकूट महोत्सवो का आयोजन किया गया। सभी अन्नकूट महोत्सवो में मुख्य श्रद्धालु के रूप में विधायक सुदेश राय अपनी धर्मपत्नी समाज सेवी श्रीमती अरुणा राय के साथ सम्मिलित हुए। उन्होंने वरिष्ठ ब्राह्मण आचार्य के सानिध्य में भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की और नागरिकों की सुख समृद्धि शांति वैभव उन्नति की प्रार्थना भगवान से की। बग्गी खाना स्थित श्रीराम जानकी मंदिर और साहू समाज द्वारा जगदीश मंदिर परिसर में आयोजित अन्नकूट महोत्सव में सम्मिलित होकर विधायक सुदेश राय एवं समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय ने सेवा कार्य किया और श्रद्धालु महिला पुरुषों बच्चों के साथ अन्नकूट महोत्सव को मानते हुए प्रसादी का ग्रहण किया।

## ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर किया गया 516 नौनिहालों का टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान हितैषी है और उनके कल्याण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि 'भावान्तर योजना' में सोयाबीन का प्रति क्विंटल मॉडल रेट 4,000 रुपए से अधिक तय किया गया है। प्रदेश के अन्नदाताओं को उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूर्ण लाभ दिलाने के लिए सोयाबीन उत्पादक किसानों को अतिरिक्त 1300 रूपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। आगामी 13 नवंबर को सोयाबीन उत्पादक किसानों को इसका लाभ वितरित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कल्याणकारी योजनाओं और विकासमूलक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करते हुए राज्य सरकार सशक्त भारत-सशक्त मध्यप्रदेश के पथ पर अग्रसर है।



### 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

## जिपं. की बैठकों में 'पति-प्रवेश' को मिली मंजूरी नए जिपं सीईओ के आते ही बदला गया नियम

**पूर्व सीईओ की 'महिला सशक्तिकरण' की पहल को झटका**



**सीहोर**। जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के बदलने के साथ ही सामान्य सभा की बैठकों में शामिल होने के नियमों में भी बड़ा बदलाव आ गया है। जहां तत्कालीन सीईओ डॉ. नेहा जैन ने महिला प्रतिनिधियों को बढ़ावा देने और उनके काम में अनावश्यक हस्तक्षेप रोकने के लिए पतियों के बैठक में शामिल होने पर सख्ती से रोक लगा रखी थी, वहीं अब सीईओ सर्जना यादव की जिम्मेदारी संभालने के बाद यह रोक बेअसर नजर आई।

शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में यह बदलाव खुलकर सामने आया। न सिर्फ जिला पंचायत अध्यक्ष के पति सुरेन्द्र मेवाड़ा बैठक में मौजूद रहे, बल्कि दो अन्य महिला सदस्यों के पति भी बैठक में शामिल हुए।

### सख्ती हटी पहल को झटका

पूर्व सीईओ डॉ. नेहा जैन ने अपने कार्यकाल में यह सुनिश्चित किया था कि महिला जनप्रतिनिधि स्वयं ही बैठकों में शामिल हों और अपने दायित्वों का निर्वहन करें। यह प्रयास ग्रामीण महिला प्रतिनिधित्व को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। हालांकि उनके तबादले के बाद यह अच्छा नियम शिथिल हो गया। माना जा रहा है कि इस 'पति-प्रवेश' से उन महिला प्रतिनिधियों के सशक्तिकरण की पहल को झटका लगेगा, जो अब तक अपने दम पर काम कर रही थीं।

### बैठक में हुई विभागों की समीक्षा

शुक्रवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों के संचालन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया।

सीईओ सर्जना यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करें और विभागीय योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### युवा उत्सव के दूसरे दिन पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# जिले के भर से आए विद्यार्थियों ने मूक अभिनय मूर्तिकला, स्किट विधा में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा उत्सव के तहत दूसरे दिन रचनात्मकता पूर्ण विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने मुख्यतः मूक अभिनय, स्किट, तथा मूर्ति कला विधाओं में अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया।

मूक अभिनय के माध्यम से छात्राओं ने एसिड अटैक तथा महिला शोषण जैसे गंभीर विषय पर अपने प्रभावी अभिनय से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित हास्य नाटिका में साइबर अपराध तथा अंधविश्वास को मूल में रख विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय प्रदर्शन किया। नाटिका के माध्यम से साइबर अपराध के विरुद्ध सतर्कता बरतने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में आयोजित मूर्ति कला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रसोईघर में प्रयुक्त होने वाले पात्रों को मिट्टी का आकार देकर अपनी सृजनात्मक कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।






### आज खेला जाएगा राजगढ़ और भोपाल के मध्य मुकाबला

**सीहोर**। शहर के बीएसआई मैदान पर भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को विदिशा टीम ने सीहोर को पांच विकेट से हराया। इस प्रतियोगिता में विदिशा की ओर से मृत्युंजय भट् ने 40 रन की शानदार पारी खेली। मैच के अंत में एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी-वीरु वर्मा सहित अन्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सुबह टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीहोर की टीम 38.5 ओवर में 109 रन पर सिमट गई। इसमें भविष्य त्यागी-दिव्यांश गुर्जर ने 17-17 रन बनाए, वंश आहुजा ने 16 रन की पारी खेली। इधर विदिशा की ओर से राजवीर धाकड़ ने तीन विकेट, देव-कार्तिक ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदिशा टीम ने 36.1 ओवर में विजय लक्ष्य हासिल किया और पांच विकेट से जीत लिया।

## खबर संक्षेप



### वीरेंद्र राज्य स्तरीय युवा उत्सव में करेंगे संभाग का प्रतिनिधित्व

**सीहोर।** 29वां राष्ट्रीय युवा उत्सव के अंतर्गत खेल एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित भोपाल संभाग स्तरीय युवा उत्सव में सीहोर के वीरेंद्र गुर्जर ने अपने ओजस्वी व्यक्तव्य कला से भाषण विधा में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण विषय पे अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र तप त्याग और लाखों बलिदानों के बाद स्थापित हुआ हैं। इसके संरक्षण हमारा धर्म हैं। वीरेंद्र अब राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे गौरतलब हैं कि उन्होंने जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान हासिल किया था और वो संभाग में सीहोर का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। राज्य स्तरीय युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा उत्सव में सहभागिता करेंगे जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत मंडलम दिल्ली में आयोजित होना हैं। संभाग स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल महापौर श्री मति मालती रायजी, राष्ट्रीय सेवा योजना से राहुल परिहार , खेल एवं युवा विभाग जिला अधिकारी वाणी साहू, सह कार्यक्रम अधिकारी संस्कृति विभाग शुभम चौहान आदि उपस्थित रहे।

### प्रशासन को पार्किंग व्यवस्थित करानी चाहिए

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर बने बैंकों के पास अपनी पार्किंग नहीं है। बैंक अधिकारी, कर्मचारी और ग्राहक अपने वाहन बैंकों के सामने ही खड़े कर देते हैं। इससे हाईवे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के सामने होती है। यहां आधी सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं। इससे कई बार लंबा जाम लग जाता है। हाईवे पर कई बैंक हैं, लेकिन किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इससे गुजरने वाले वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती।

## सीहोर जिले में भी समारोहपूर्वक मनाई राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" की 150 वी वर्षगांठ

# आजादी के आंदोलन का मंत्र बना था वंदे मातरम : करण सिंह वर्मा

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' आजादी के आंदोलन में देशवासियों के लिए आन्दोलन का मंत्र बना था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रगीत वंदे मातरम" की 150 वी वर्षगांठ 7 नवम्बर को देश प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी उत्साह व उमंग के साथ समारोह पूर्वक मनाई गई। देशभक्ति से ओतप्रोत वंदे मातरम" स्मरणोत्सव समारोह पीएम एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आज कॉलेज में आयोजित हुआ। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला मुख्यालय के साथ ही पूरे जिलेभर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम" की 150 वी वर्षगांठ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' आजादी के आंदोलन में देशवासियों के लिए आन्दोलन का मंत्र बना था। हमारे वीर सपूतों ने इस मंत्र का गायन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में ₹वंदे मातरम" के गायन के माध्यम से राष्ट्र आराधना करते हुए पूर्वजों ने हमें स्वतंत्रता दिलाई। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की वर्तमान पीढ़ी को ₹वंदे मातरम" के महत्व से अवगत कराने के लिए ₹वंदे मातरम" की 150 वी वर्षगांठ को देश भर में समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत ₹वंदे मातरम" की 150 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हो रहे आयोजनों से देशभर में राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने इस अवसर पर सभी को




₹वंदे मातरम" की 150 वी वर्षगांठ की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही ₹वंदे मातरम" के रचयिता स्वर्गीय बंकिम चंद्र चटर्जी सम्मान पूर्वक स्मरण किया।

विधायक सुदेश राय ने अपने संबोधन में कहा कि ₹वंदे मातरम" शब्द सुनाई पड़ते या इस शब्द का उदघोष करते ही मन-मस्तिक में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत उर्जा का संचार हो जाता है। यह केवल शब्द नहीं, एक मंत्र है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के आंदोलन में बलिदान देने वाले वीर सपूतों की वीरगाथा से युवापीढ़ी परिचित होगी। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरू के.,



एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसडीएम तन्मय वर्मा तथा गौरव सन्नी महाजन सहित अनेंक जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर भोपाल से राज्य स्तरीय तथा दिल्ली से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा-सुना गया।

## महकमे ने अमानक कीटनाशक और बीज विक्रेताओं पर की सख्त कार्रवाई

**सीहोर।** केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र इंदौर के केंद्रीय कीटनाशी निरीक्षक एवं वनस्पति संरक्षण अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से सीहोर जिले के ग्राम आमला जोड स्थित मेसर्स विकास ट्रेडर्स से 'फ्लॉवरबूम (नाइट्रोबेंजीन 50%)₹ नामक कीटनाशक का नमूना लिया गया था। प्रयोगशाला विश्लेषण में यह नमूना अमानक पाया गया है, जिसमें सक्रिय पदार्थ की मात्रा केवल 19.54 प्रतिशत पाई गई है।

कृषि विभाग के उप संचालक श्री अशोक उपाध्याय ने बताया कि कीटनाशक अधिनियम अंतर्गत मेसर्स विकास ट्रेडर्स का कीटनाशक अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इसके साथ ही इस कीटनाशक की निर्माता कंपनी गुजरात बायो एंड केमीकल्स इंडस्ट्रीज के समस्त कीटनाशी उत्पादों के सीहोर जिले में विक्रय, भंडारण एवं वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**अमानक बीज विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई:** उप संचालक श्री उपाध्याय ने बताया कि कीटनाशक के साथ ही अमानक बीज बेचने वाले विक्रेताओं पर भी कार्रवाई की गई है।

सीहोर, बुधनी और भैरूदा के बीज निरीक्षकों द्वारा बीज विक्रय केंद्रो से लिए गए विभिन्न बीज नमूनों की गुणवत्ता प्रयोगशाला विश्लेषण रिपोर्ट में अमानक स्तर की पाई गई। इसके आधार पर सीहोर जिले में संचालित कुछ बीज विक्रेताओं के विरूद्ध निलंबन एवं प्रतिबंध की कार्रवाई की गई है। जिन बीज विक्रेताओं के विरूद्ध कार्रवाई की गई है, उनमें मेसर्स बरखेड़ी भोज ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सीहोर, मेसर्स जीवन ट्रेडिंग कंपनी मंडी सीहोर, मेसर्स सोनल पेस्टीसाइड्स रेहटी, मेसर्स शिवशक्ति इरिगेशन भैरूंदा, मेसर्स जीत कृषि सेवा केन्द्र भैरूंदा शामिल हैं।

**अमानक उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के विरूद्ध कार्रवाई:** इसी प्रकार कुछ बीज उत्पादक कंपनियों के उत्पादों के विक्रय पर जिले में प्रतिबंध लगाया गया है। इनमें महालक्ष्मी सीड्स मंदसौर, के.डी.एम सीड्स, शनसीड्स कार्पो तेलंगाना, एम.एम.के. एग्री सीड्स सरदुल्लगढ मानसा पंजाब, ग्रीन एग्रीवोलुशन प्राइवेट लिमि गुरुग्राम हरियाणा, कार्नटेक सीड्स प्रायवेट प्लाट सिंकदराबाद तेलंगाना, अंकुर सीड्स प्राइवेट लिमि नागपुर, शीना बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड तेलंगाना शामिल हैं।

**कृषि विभाग ने की किसानों से अपील :** कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी किसानों किसानों से अपील की गई है कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही प्रमाणित बीज एवं कीटनाशक खरीदें। इसके साथ ही किसी भी संदेहास्पद एवं अमानक कृषि सामग्री की जानकारी तत्काल कृषि विभाग अथवा कीटनाशी निरीक्षक को दें। अमानक एवं नकली कृषि आदानों के विरुद्ध जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा सतत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे, तहसील में आयोजित हुई कार्यक्रम, राष्ट्रगीत का हुआ सामूहिक गायन

**भैरूंदा।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को जिलेभर के सरकारी कार्यालयों में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में भैरूंदा तहसील कार्यालय में भी एसडीएम सुधीर कुशवाहा और तहसीलदार सौरभ शर्मा सहित अधिकारियों, पटवारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार,7 नवंबर से राज्य में 'वंदे मातरम्' वर्ष के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी पहल के तहत जिला



मुख्यालय, तहसील एवं विकासखंड स्तर पर यह सामूहिक गायन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर राष्ट्रगीत गाया और भारतमाता के प्रति श्रद्धा एवं देशभक्ति की भावना व्यक्त की। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व और राष्ट्रीय एकता में इसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। एसडीएम सुधीर कुशवाहा और तहसीलदार सौरभ शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रगीत के महत्व से परिचित कराने का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में तहसील कार्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

इस अवसर पर भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाहा, तहसीलदार सौरभ शर्मा, अधिकारी समस्त पटवारियों एवं तहसील कार्यालय का स्टॉप मौजूद था।

## नहरों की सफाई में जुटा सिंचाई विभाग, किसानों के खेतों में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना लक्ष्य

**भैरूंदा।** तहसील क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की सफाई का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि आगामी 15 नवंबर से किसानों को नहरों के माध्यम से सिंचाई जल उपलब्ध हो सके। रबी फसल की तैयारी में जुटे किसानों के लिए यह कार्य काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नहरों और माइनर नहरों की सफाई कार्य में मजदूर जुटे हुए हैं। अधिकारियों के बताया कि सफाई का उद्देश्य पानी के प्रवाह को सुचारू रखना है, ताकि रबी सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा न आए और पानी अंतिम छोर तक पहुंच सके। उन्होंने कहा हर वर्ष नहरों की सफाई का कार्य किया जाता है। इस बार भी समय-सीमा के अनुरूप कार्य प्रगति पर है और तय समय में पूरा होने पर 15 नवंबर से पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। इससे किसान गेहूं, चना, सरसों समेत रबी फसलों की बुवाई के लिए पर्याप्त पानी प्राप्त कर सकेंगे।



किसानों ने भी उम्मीद जताई और कहा समय पर खेतों में पानी मिलने से फसल उत्पादन में लाभ मिलेगा।

## बोरखेड़ा कलां की बेटियों निशा व दीक्षा ने रोशन किया क्षेत्र का नाम

**भैरूंदा।** सागर में 1 से 5 नवंबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में भोपाल संभाग की टीम ने नर्मदापुरम को 4 विकेट से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।



फाइनल मुकाबले में भोपाल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय दर्ज की।

इस प्रतियोगिता में पहली बार भैरूंदा तहसील के ग्राम बोरखेड़ा कलाँ की दो होनहार बेटियों निशा पंवार और दीक्षा पंवार का चयन भोपाल संभाग की टीम के लिए हुआ। दोनों खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बेटियों के इस शानदार प्रदर्शन से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। खेल प्रशिक्षक योगेश पंवार के निरंतर मेहनत और प्रोत्साहन मार्गदर्शन और उनके प्रशिक्षित से इन खिलाड़ियों ने साबित किया कि संकल्प और मेहनत के साथ सरकारी विद्यालय की छात्राएँ भी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर ग्रामवासियों, विद्यालय परिवार सहित वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक नीलमणी सिंह सेंगर, सचिन त्रिवेदी, चंद्र वी. सतीश (लारा) एवं सुजाता कुशवाह सहित क्षेत्रवासियों ने दोनों बेटियों तथा कोच को बधाई दी है। बोरखेड़ा कलाँ की इन बेटियों की सफलता ने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है तथा अन्य छात्राओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

## शिक्षा के स्तर को बढ़ाकर समुदाय सशक्त हो सकता हैः नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल



**सीहोर।** शिक्षा किसी भी समुदाय के विकास की नींव होती है। शिक्षा के स्तर को बढ़ाकर समुदाय सशक्त हो सकता है, समाज तभी मजबूत होता है जब समाज का हर व्यक्ति कंधे से कंधा मिलकर साथ चले। बिना एकता के कोई भी समाज सफलता के आयाम तक नहीं पहुंच सकता। इसलिए हमें चाहिए कि हम एक जुट होकर अन्य समाजों के लिए उदाहरण पेश करें। उक्त विचार अखिल भारतीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के नवनियुक्त राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल ने कहे। उन्होंने कहाकि हमारे समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया प्रधान सेवक के रूप में कार्य कर रहे है। उन्होंने समाज को जोड़ने और संगठन को मजबूत करने के लिए युवाओं की कार्यकारणी का विस्तार कर मुझे को जिम्मेदारी सौंपी है। समाज को एकजुट करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए युवाओं को इस कार्य के लिए आगे आना चाहिए। समाज के वह लोग जो विपरीत परिस्थितियों के कारण पिछड़ गए हैं सभी के सहयोग से उनकी मदद कर उन्हें भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारा उद्देश्य है। सामाजिक कुरीतियों पर भी अंकुश लगना चाहिए। बुजुर्गों का मार्गदर्शन लेकर हमें समाज को आदर्श मिसाल बनाकर सबके सामने लाना है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवाओं की नई कार्यकारणी में उपाध्यक्ष मंगल पलसावदिया राजगढ़ जिला मंदसौर,मनीराम तहसील एवं जिला सीहोर, अनिल दरबार कुरावरमण्डी तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ ब्यावरा, संजय फाविया शिवपुरखेड़ा तहसील सांवेर जिला इंदौर, गोवन्द चन्द्रवंशी रनायल तहसील कालापीपल जिला शाजापुर, धीरज धनपालजी आर्य गिरीराज धाम मक्सी रोड़ देवास, बबन पटेल डकाच्या तहसील सांवेर जिला इंदौर के अलावा अरूण पटेल तिन्डोनिया तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़, दीपक मालवीय सरपंच कुरावन तहसील गरोठ जिला मंदसौर, विकास भारतीय कनासिया तहसील तराना जिला उज्जैन, रविशंकर वर्मा लैकोड़ा तहसील एवं जिला उज्जैन, मनीष बद्रीलाल मुकाती खरेली तहसील टोंकखुर्द जिला देवास, सचिन राजेन्द्र मुकाती बिजलपुर इंदौर, प्रवक्ता-पप्पू वर्मा ग्राम बिजोरी तहसील एवं जिला सीहोर, विपुल सन्तोष मुकाती भैरवांखेड़ी तहसील टोंकखुर्द जिला देवास, सदस्य अंकित पटेल गोकुलपुर तहसील देपालपुर जिला इंदौर, शेखर राधेश्याम देथलिया कनासिया तहसील तराना जिला उज्जैन, राधेश्याम दाऊ आदि शामिल है।

## पहले खुद अनुशासन सीखें, फिर बच्चों को सिखाएं : कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, ई-अटेंडेंस प्रणाली, नामांकन की स्थिति, चाइल्ड ट्रैकिंग एवं शैक्षणिक अनुशासन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



कलेक्टर बालागुरू के. ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी शिक्षक प्रतिदिन अनिवार्य रूप से ई-अटेंडेंस लगाएं। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षक अब भी ई-अटेंडेंस लगाने में लापरवाही बरत रहे हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे शिक्षकों को तत्काल निर्देशित किया जाए और आवश्यक होने पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को फटकार लगाते हुए कहा कि "पहले स्वयं अनुशासन सीखें, फिर बच्चों को अनुशासन सिखाएं।" उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता तभी सुधरेगी जब शिक्षक अपने दायित्वों का पालन पूरी निष्ठा से करेंगे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूलों का औचक निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यदि किसी शिक्षक की बिना सूचना अनुपस्थिति या अन्य अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए और गंभीर मामलों में निलंबन की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने चाइल्ड ट्रैकिंग एवं नामांकन स्थिति की भी समीक्षा की और कहा कि किसी भी बच्चे का नाम विद्यालय से ड्रॉप आउट नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें शीघ्र विद्यालयों में नामांकित किया जाए।

कलेक्टर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी शिक्षा व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें।

## आत्मवत्सर्व भूतेषु जैसी मेरी आत्मा है वैसे ही प्रत्येक जीव की आत्मा है, समाजजनों को समझाए कई नियम

# दया के बिना अहिंसा हमारे पास आ नहीं सकती: अक्षय सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आत्मवत्सर्व भूतेषु जैसी मेरी आत्मा है वैसे ही प्रत्येक जीव की आत्मा है। यह विषय जब तक समझ में नहीं आयेगा, तब तक अहिंसा का पालन नहीं हो सकता। संप्रदाय, पंथ और मजहब कोई भी हो लेकिन तत्व तो एक ही होता है। क्यों कि वस्तु के स्वभाव को धर्म कहा है। वस्तु का जो स्वभाव होता है वह उसका गुणधर्म होता है। जैसे जल का स्वभाव शीतलता है। ऐसा नहीं होता है कि, मध्यप्रदेश में पानी शीतल होता है और महाराष्ट्र में गरम रहता है। यह वस्तु का जो स्वभाव होता है, वह सभी जगह एकसा होता है। उसी तरह प्रत्येक धर्म में तात्त्विक मतभेद हो सकता है। लेकिन प्रत्येक जीव का जब भी कल्याण हुआ है अहिंसा के बिना नहीं हुआ है।

'आत्मवत्सर्व भूतेषु' इस बात को लेकर चलना है। लेकिन अहिंसा जो धर्म होता है उसको जन्म कौन



देता है। तो नीतिकार कहते हैं- 'दया धर्मस्य जन्मभूमि' यानि कि दया के बिना अहिंसा हमारे पास आ नहीं सकती। प्राणियों के प्रति जब तक करुणा नहीं आती प्रत्येक जीव के प्रति करुणा नहीं आती तब-तक हमारे पास दया नहीं आ सकती। दया के बाद धर्म प्रारंभ होता है। क्यों कि परदुःखकातरता या सहानुभूतिरुपी दया से ही धर्मनिष्ठा पैदा होती है। इसलिए आचार्य विद्यासागर भी कहते हैं-पर की पीड़ा, अपनी करुणा की परीक्षा लेती। महाभारत में एक जगह बताया है : सर्वे वेदा न तत्कुर्युः, सर्वे यज्ञाश्च भारत । सर्वे तीर्थाभिषेकश्च, यत्कुर्यात प्राणिनां दया ।।

हे अर्जुन ! प्राणियों पर दया करने से प्राप्त होने वाले जो शुभ भाव है, वे वेद पठन से, यज्ञ करने से या तीर्थाभिषेक करने से नहीं प्राप्त होते। उसके पहले हमें क्या चाहिए? दया हमारे पास चाहिए और इसी के कारण हम हमारे जीवन को, हमारे गुणों को विकसित कर सकते हैं। धर्म का संबंध आत्मा से होता है और जब आत्मा में करुणा आती है, उससे आत्मा में जो निर्मलता आती है उसी को सभी ऋषि-मुनियों ने कहा, यही तो धर्म है। मुनिश्री ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि काशी की यात्रा के लिए भाविक लोग निकले थे। सभी के पास कावड है, सभी के पास पानी है। यहाँ से पानी कहा ले जा रहे हैं? काशी को ले जा रहे हैं। ग्रीष्मकाल चल रहा है, रेत में एक गधा प्यास से तड़प रहा है, सभी ने देखा और सभी ने लक्ष्य बनाया था, काशी का। लेकिन उसमें से एक व्यक्ति ने अपने पास कावड का जो पानी था उसे गधे को पिलाया। गधा पानी पीते ही खड़ा हो गया। तो काशी वहाँ नहीं, काशी यहीं है। यह कहानी महाराष्ट्र के संत एकनाथजी की है। क्योंकि महाराष्ट्र संतों की भूमि है। इस संतों की भूमि में बहुत संतों ने इस कार्य को आगे बढ़ाया है। और बढ़ाते रहते है। अनेक व्यक्ति धर्म को प्राप्त करने के लिए तीर्थो की यात्रा करते है; जप-तप करते हैं, यज्ञ करते हैं। लेकिन मैं आपके सामने एक विषय रख रहा हूँ कि, महाभारत में बताया गया है कि धर्म का पात्र कौन बनता है? यात्रा, जप-तप करनेवाले की सफलता कब होती है? तो बताते हैं -

₹मद्यमांसाशनं रात्रौ भोजनं कन्दभक्षणम् । ये कुर्वन्ति वृथा, तेषां तीर्थयात्रा जपस्तपः ।। ₹

जो मद्य (शराब) का, मांस का अपने जीवन में उपयोग करता है और रात्रौ भोजनं अर्थात रात्री में भोजन करता है और कन्द भक्षणं जो कंद का भक्षण करता है याने जमीकंद का उपयोग करता है, उसको तीर्थयात्रा, जप-तप का फल नहीं मिलता। ऐसा महाभारत में बताया है। मैने इस पर चिंतन किया। यह इसके साथ क्यों जोड़ा गया? क्यों कि मद्य प्राशन करने वाला व्यक्ति, मांस का सेवन करने वाला व्यक्ति दया, धर्म का पालन नहीं कर सकता। मै इसके आगे का विषय रात्री भोजन के बारे में आपको बताना चाहता हूँ। मैं विहार करते-करते बड़ी सिटी से आ रहा था। धुलियाँ में पहुँच गया था। वहाँ तीसरी या चौथी पीढ़ि के आयुर्वेद डॉक्टर है।

## जिले के 50 स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत सीहोर सीहोर जिले के 50 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। कलेक्टर बाला गुरु के. ने कहा है कि विद्यालयों में तंबाकू मुक्त वातावरण तैयार करना बच्चों के स्वस्थ जीवन की दिशा में एक प्रेरक पहल है। समाज के हर व्यक्ति को इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 09 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक 60 दिवसीय विशेष अभियान ₹टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0₹ चलाया जा रहा है। शासन द्वारा अभियान के तहत सीहोर जिले के 400 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य प्रदान करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए है। जिसके तहत सीहोर जिले के 50 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाया जा चुका है।

## पीड़ा सुनाते हुए फफककर रोने लगे पीड़ित डिप्टी रेंजर, एसपी से की शिकायत

# डिप्टी रेंजर को आरामशीन संचालकों और विधायक से मिल रही धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वन विभाग के स्पेशल उड़नदस्ते द्वारा इन दिनों जिले के कई स्थानों पर पेड़ों की अवैध कटाई करने वालों सहित आरामशीन संचालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इन कार्रवाई से बौखलाए कुछ आरामशीन संचालक और उनके जुड़े लोगों ने उड़नदस्ते में शामिल डिप्टी रेंजर जान से मारने एवं गुप्तांग काटने की धमकी दी है।

पीड़ित डिप्टी रेंजर ने इस बारे में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी को लिखित शिकायत करते हुए खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी पर भी धमकी देने के आरोप लगाए हैं। डिप्टी रेंजर ने धमकी देने वालों पर एफआईआर दर्ज करते हुए सुरक्षा की मांग पुलिस अधीक्षक से की है। उल्लेखनीय है कि बीते एक महीने में वन विभाग के उड़नदस्ते द्वारा एक दर्जन से अधिक आरामशीनों को सील करते हुए उन पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। इन कार्रवाई से बौखलाए आरामशीन संचालक अफसरों पर हावी होते हुए उन्हें गला काटने तक की धमकी दे रहे हैं।



### क्या है पूरा मामला

वन विभाग के स्पेशल उड़नदस्ते में शामिल राजगढ़ निवासी डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा ने बताया कि गत 27 एवं 28 अक्टूबर को टीम द्वारा छापीहेड़ा एवं जीरापुर में संचालित आरामशीनों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें सील किया गया था। इन आरामशीनों में गीली लकड़ी पाई गई थी वहीं संचालकों के पास वैध दस्तावेज भी नहीं थे। इसके चलते उड़नदस्ते द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गईं। इन कार्रवाई से आक्रोषित कालूराम पिता बापूलाल विश्वकर्मा छापीहेड़ा, गब्बर पिता हबीब खान निवासी जीरापुर, रमेश पिता कालू विश्वकर्मा निवासी खारपा जीरापुर एवं महेश पिता जगन्नाथ राठौर निवासी जीरापुर डिप्टी रेंजर श्री सोनगिरा को गला और गुप्तांग काटने की धमकियां फोन पर दे रहे हैं।

### कार्यालय में आकर ही दे डाली धमकी

लगातार मिल रही धमकियों से परेशान डिप्टी रेंजर सानेगिरा ने रोते-रोते बताया कि कुछ धमकियां जहां फोन पर दी गई वहीं 4 नवंबर को गब्बर खान खुद उड़नदस्ता कार्यालय आया और झूमाझटकी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उनसे यहां तक कहा गया कि आगे से जीरापुर मत आ जाना नहीं तो जिंदा नहीं लौटेगे।

### खिलचीपुर विधायक पर धमके देने के आरोप

शिकायतकर्ता डिप्टी रेंजर सोनगिरा ने अपने लिखित शिकायत में बताया कि 28 अक्टूबर को जब उनके द्वारा महेश पिता जगन्नाथ जीरापुर की आरामशीन सील की गई तो उसके बाद खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने भी आरामशीन पर आगे से न आने और देख लेने की धमकी दी है।

**मैंने नहीं दी धमकी**


मैंने किसी को कोई धमकी नहीं दी है। जिन डिप्टी रेंजर की आप बात कर रहे हैं उनकी तो भोपाल स्तर से जांच भी चल रही है।

हजारीलाल दांगी,
विधायक, खिलचीपुर

# भाजपा नेता व कपड़ा व्यापारी के घर डकैती की कोशिश, एक को धर दबोचा

## सारंगपुर के सभी प्रमुख मार्ग पर सीसीटीवी फिर भी आरोपी भागा





**पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद**



**सारंगपुर।** नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोकुल दंडवानी के घर बुधवार देर रात डकैती डालने की कोशिश कर रहे आरोपियों की परिवार वाले को बांका लगी तो सब जग गए और राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी को घटना की जानकारी दी पुलिस अधीक्षक के निर्देश के तत्काल बाद सारंगपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दंडवानी के मकान पर वारदात करने पहुंचे आरोपियों की घेरा बंदी की लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा देकर भगा गए लेकिन एक आरोपी को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया जानकारी के अनुसार पाडल्या रोड वार्ड क्रमांक 07 में स्थित दंडवानी के आवास पर बीती रात कुछ शातिर बदमाश दीवार फांदकर घर के परिसर में घुस आए। उसी समय व्यापारी ने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध गतिविधियां देखीं। शक होने पर उन्होंने परिवार के साथ छत पर जाकर देखा तो पांच से छह लोग घर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। शोर मचाने पर बदमाशों ने गुलेल से हमला कर दिया, जिससे गोकुल दंडवानी के पुत्र योगेश दंडवानी और भतीजे राजेश दंडवानी के चेहरे व आंखों में गंभीर चोटें आईं। दोनों घायल हो गए और खून निकलने लगा। इस बीच एक आरोपी दीवार फांदते समय गिरकर घायल हो गया, तब तक मौके पर पुलिस पहुंच गई और उसे पकड़ लिया। सूचना मिलते ही एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

## बाइक के आमने सामने भिड़ंत में एक की मौत, एक गंभीर

**कुरावर।** नगर में बुधवार देर रात करीब 11 बजकर 30 बजे गौशाला के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, कुरावर से अपने गांव जा रहे लक्ष्मी नारायण पिता हरि सिंह (उम्र 40 वर्ष, निवासी लसूलिया पाटा माताजी) अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-37 एमआई-3340 से जा रहे थे। तभी सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल, जिसे पप्पू अहिरवार चला रहा था, उससे आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लक्ष्मी नारायण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पप्पू अहिरवार को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया। सूचना मिलते ही कुरावर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भोपाल में इलाजरत हैं डॉक्टर

# डॉक्टर पर हुए हमले का विरोध मेडिकल एसोसिएशन ने रखी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



गत दिवस खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदस्थ मेडीकल ऑफिसर डॉ. विशाल सिंह सिसोदिया पर मरीजों के परिजनों ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस हमले में डॉ. सिसोदिया को गंभीर चोंटे आई जिनका ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। मामले में खुजनेर पुलिस ने 3 आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। उधर, मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डॉक्टर्स के साथ यदा-कदा सामने आ रही इस तरह की घटनाओं के प्रति अपना तीखा विरोध जाहिर किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार दोपहर इमरजेंसी मीटिंग करते हुए प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक से डॉक्टर्स की सुरक्षा संबंधी कुछ मांगे रखी हैं।

### एसोसिएशन ने की ये मांगें

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आर.एस. माथुर ने बताया कि बैठक में हुए निर्णयानुसार कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है। पत्र में मांग की गई है कि सभी सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पुलिस चैकी आरंभ की जाए। इसके साथ ही डॉक्टर्स प्रोटेक्शन एक्ट का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित हो एवं सभी अस्पतालों में सुरक्षागार्डों की ड्यूटी 24 घंटे के रोटेशन में लगाई जाए। इसके साथ ही जहां सुरक्षा गार्ड नहीं हैं वहां नई भर्ती करवाई जाए। जिन अस्पतालों में सीसीटीवी नहीं हैं वहां सीसीटीवी लगवाते हुए खराब पड़े कैमरों को जल्द सुधरवाया जाए।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

शुक्रवार को श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला स्तरीय बैठक कालापीपल विधानसभा के श्री कृष्णासय सांस्कृतिक सदन पोलाय कला मे आयोजित की गई। सर्व प्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन सभागीय अध्यक्ष मनोज जैन जिला अध्यक्ष अभिषेक चिंटू सक्सेना जिला महासचिव राजा राठौर वरिष्ठ पत्रकार प्रेमनारायण मरेठिया ब्लाक अध्यक्ष मुकेश शर्मा मनोहर मरेठिया के साथ सभी ब्लाकों के ब्लाक अध्यक्ष ने किया गया। इसके बाद सभी अतिथी का साफा बाध माला पहनाकर ब्लाक अध्यक्ष मुकेश शर्मा के साथ ब्लाक इकाई के सदस्यो के द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद संभागीय अध्यक्ष ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश मे हमेशा पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के लिए मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के द्वारा समय-समय पर उनकी मांगों को प्रदेश स्तर पर सरकार के सामने रखकर के पत्रकारों के हितों की रक्षा की है। श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश में एक ऐसा संगठन जो हमेशा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है हमें संबंधों के साथ-साथ पत्रकारिता में भी स्पष्टता रखनी होगी ताकि समय आने पर किसी प्रकार के दबाव में ना आए क्योंकि संबंध अपनी जगह रहते है लेकिन जब जनता के मुद्दे उठाने की बात आती है तो पत्रकारों को अपने पत्रकारिता के धर्म को निभाना चाहिए। पत्रकारिता ही एक ऐसा माध्यम है जो सरकार के सामने जन हितेषी मुद्दों को उठाकर के उनकी समस्याओं का समाधान करवा सकता है। इसीलिए पत्रकारिता को चौथा स्तंभ कहा जाता है यहां सभी पत्रकारों को समझना होगा कि हम राजनीतिक व्यवस्था से ऊपर उठकर के पत्रकारिता के धर्म को निभाएं क्योंकि राजनीतिक संबंध अपनी जगह होते हैं लेकिन आज कई लोग पत्रकारिता को राजनीति से जोड़कर देख रहे हैं। जिससे पत्रकारों को राजनीतिक प्रतिद्वंदियों से आलोचना का सामना करना पड़ता है। यहां हमे समझने की जरूरत है पत्रकार संघ के सदस्य के साथ में अगर कोई भी संकट आएगा तो पूरा संगठन उसके साथ में खड़ा है उसे डरने की जरूरत नहीं है।

# साइबर नशामुक्ति के तहत जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

सहारा पब्लिक स्कूल, कालापीपल में आज मध्य प्रदेश शासन के ह्लमुस्कान कार्यक्रमह्व के अंतर्गत साइबर क्राइम, नशामुक्ति एवं रोड सेफ्टी विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शुजालपुर उप-संभाग के एसडीओपी महोदय श्री निमेष देशमुख तथा टाउन इंस्पेक्टर कालापीपल मनोहर सिंह. जगेत अपनी टीम के साथ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सहारा शिक्षा समूह के प्रबंधक डॉ. मनोज दुबे द्वारा अतिथियों के स्वागत से किया गया।इस दौरान थाना प्रभारी जगेत ने छात्रझ्रछात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणाम, ट्रैफिक नियमों, एवं रोड सेफ्टी के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। वहीं एसडीओपी निमेष देशमुख ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, उससे होने वाले संभावित नुकसान तथा सुरक्षित रहने के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, सरकारी वेबसाइटों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रियाओं से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान जिले, संभाग एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा सम्मान भी किया गया। अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रबंधक डॉ. मनोज दुबे द्वारा किया गया।

# ट्रक चालक की लापरवाही ने कार को मारी टक्कर पुलिसकर्मी की मौत

## वारंट तामील कर राजस्थान से आते समय ब्यावरा-सुठालिया रोड पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



ब्यावरा - सुठालिया रोड पर मोठबडली के पास सुबह 6 बजकर 30 मिनिट के पर एक दर्दनाक हादसे में ब्यावरा सिटी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सर्जन भील की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक चालक की गलती के चलते सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मारी गई जिसमें कार के परखच्चे उड गए एवं प्रधान आरक्षक सर्जन भील की मौके पर मौत हो गई। जिन्हें डायल 112 से अस्पताल ले जाया गया जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही सुठालिया पुलिस मौके पर पहुंची और आरक्षक के शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि प्रधान आरक्षक सर्जन भील वारंट तामीली के बाद राजस्थान से आ रहे थे तभी वह दुर्घटना का षिकार हो गए।

## यात्रा टूर 5 से शुरू होकर 20 नवंबर तक चलेगा

# 7 राज्यों में होने वाली अंतरराज्यीय छात्र जीवन दर्शन यात्रा का प्रतिनिधित्व करेंगी राजगढ़ की उमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

7 राज्यों में होने वाले तरराज्यीय छात्र जीवन दर्शन यात्रा का मध्यभारत प्रांत की और से प्रतिनिधित्व करेंगी राजगढ़ जिले की उमा वैष्णव राष्ट्रीय एकात्मकता के साथ सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने सन 1966 से सतत रूप एक अंतर्राज्य छात्र जीवन दर्शन यात्रा टूर आयोजित करती हे।

जिसमें पूर्वोत्तर के 7 राज्यो की संस्कृति,सद्भाव को समझने हेतु निरंतर 59 वर्षों से राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के रूप अभाविप आयोजन करती आ रही है इस वर्ष भी 2025 में टूर का आयोजन अभाविप द्वारा किया जा रहा जिसमें छात्र जीवन दर्शन यात्रा टूर 5 नवंबर से शुरू होकर 20 नवंबर 2025 पूर्वोत्तर के 7 राज्यों में होने वाला हे। इसमें 35 प्रांतों के 75 से अधिक कार्यकर्ता इस टूर में सम्मिलित होंगे अपने जिले के लिए बढ़े ही गर्व की बात हे कि इस अंतराज्यीय छात्र जीवन दर्शन यात्रा हेतु राजगढ़ जिले की सारंगपुर तहसील के छोटे से गांव पठारी की उमा वैष्णव का चयन हुआ हे जो की मध्यभारत प्रांत का प्रतिनिधित्व भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में होने वालें अंतर्राज्य छात्र जीवन दर्शन यात्रा में करेंगी उमा वैष्णव वर्तमान में अभाविप मध्यभारत प्रांत खेलो भारत सह संयोजक व राजगढ़ विभाग की विभाग छात्रा प्रमुख हे जो विद्यार्थी परिषद में काफी सक्रियता से अपने दायित्व का निर्वहन कर रही हे। राजगढ़ जिले के लिए यह गर्व का विषय है की राजगढ़ जिले की बेटी जिलें व मध्यभारत प्रांत का पूर्वोत्तर के राज्यों में प्रतिनिधित्व करेंगी राजगढ़ जिले की टीम उनका स्वागत वंदन करती है साथ ही उमा वैष्णव कि यात्रा मंगलमय हो इसकी कामना करती है।




## कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# डॉक्टर के साथ हुई मारपीट करने के बाद स्टाफ ने की सुरक्षा की मांग

**खुजनेर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में डॉ विशाल सिसोदिया पर हुए प्राण घातक हमला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उचित सुरक्षा व्यवस्था मुहैया नहीं करा पाने के विरोध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ द्वारा काम बंद करने के संबंध में सभी डॉक्टर एवं समस्त स्टाफ द्वारा गुरुवार को कलेक्टर के नाम तहसीलदार नित्यानंद पांडे को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में स्वास्थ्य सेवाएं कई समय से दे रहे है समय समय पर हमारे वरिष्ठ अधिकारियों को अस्पताल में अतिआवश्यक कमियों एवं जरूरतों को लेकर सूचित किया गया था। जिसको जिम्मेदारी से पूर्ण न करने के कारण, कई बार कार्य पर मौजूद स्टाफ एवं डॉक्टरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा हैं ऐसी समस्याओं में एक केंद्र



पर उचित सुरक्षा व्यवस्था न होना एवं 24 घंटे 7 दिन चलने वाली केंद्र पर मात्र एक सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था की गई है, जिसके द्वारा दो मंजिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपना कार्य करना असंभव है।


इसी महत्वपूर्ण खामी के चलते बुधवार को हमारे सहकर्मी डॉ विशाल सिसोदिया जो अपने नियमित जच्चा बच्चा वार्ड के राउंड पर थे उन पर घातक हमला हुआ। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल भी हुए है एक शासकीय जनसेवी के ऊपर, उसी के स्वास्थ्य केंद्र में होने वाला हमला, न सिर्फ शर्मसार है, एवं निंदनीय भी है। इस प्रकार से कोई भी चिकित्सक एवं संबंधित स्टाफ सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हैं और अपना कार्य पूर्ण निष्ठा से नहीं कर पाएगा हमारी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर है। डॉ विशाल सिसोदिया पर घातक हमला करने वाले सभी आरोपियों को तुरंत हिरासत में लेकर, उनपर कठोर कार्यवाही कि जाए ताकि आगे कभी किसी कार्यरत कर्मचारी को ऐसी घटना का सामना न करना पड़े, एवं डॉ विशाल सिसोदिया को भी न्याय मिले ।

## रबी सीजन की फसलों की बुवाई में परेशानी

# नहरों से खेतों में पानी छोड़ने पूर्व विधायक तंवर ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रबी सीजन की फसलों के लिए क्षेत्र के किसानों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता के चलते किसानों को बोवनी में परेशानियां आ रही हैं। इसी को देखते हुए राजगढ़ के पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को पत्र लिखते हुए मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली की प्रेशराईज्ड नहरों से जल्द से जल्द पानी खेतों में छोड़े जाने की मांग रखी है।


बापूसिंह तंवर
पूर्व विधायक

विधायक श्री तंवर द्वारा लिखे गए पत्र में उल्लेख है कि चूंकि, खरीफ सीजन की फसलों में किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ा था ऐसे में रबी सीजन में भी ऐसे हालत न बने, इस हेतु नहरों से शीघ्र पानी छोड़ा जाए। यदि समय पर नहरों को खोल दिया जाए तो किसान आसानी से बुवाई कर पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा परियोजना से जुड़े अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आगामी 10 नवंबर से प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में पानी पहुंचाना आरंभ करवा दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर उसके पूर्व भी नहरें चालू की जा सकती हैं।

## भक्ति, संस्कृति और विकास का संगम बना नगर गौरव दिवस महोत्सव

# हरि-हर मिलन से झिलमिलाया कपिलेश्वर धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर-जीरापुर

कपिल मुनि की तपोभूमि और माँ कालीसिंध नदी तट स्थित कपिलेश्वर धाम में बैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर नगर गौरव दिवस महोत्सव का आयोजन धर्म, संस्कृति और आस्था के अद्भुत संगम के रूप में सम्पन्न हुआ। हरि-हर मिलन, गंगा आरती और दीपदान कार्यक्रमों ने सारंगपुर की ऐतिहासिक भूमि को भक्ति और श्रद्धा से आलोकित कर दिया।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि के रूप में तथा सारंगपुर विधायक एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वही महंत विनीत गिरी महाराज के आशीर्वचन से गूंज उठा कपिलेश्वर धाम उज्जैन के महाकाल मंदिर के महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत विनीत गिरी महाराज ने प्रवचन में कहा कि “हरि-हर मिलन सनातन संस्कृति की आत्मा है कृ जहाँ शिव हैं, वहीं विष्णु हैं।” उनके प्रेरक वचनों से श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।



### गंगा आरती व दीपदान से छापी बांध का घाट भक्ति मय हुआ

हरि-हर मिलन पुर्णिमा पर्व सनातन संस्कृति की आत्मा है। जहाँ शिव , विष्णु हैं , यही एकता का शाश्वत संदेश है। नगर के शिवशंकर ताल मंदिर छापी घाट परिसर पर ढोल-नगाड़ो की शानदार प्रस्तुति की गूंज और “हर हर महादेव” के जयघोष तथा त्यागी जी महाराज सहित शारदा कलां मण्डल के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी ।जहां पर पुरा परिसर भक्ति रस में डूबा। यह आयोजन धार्मिक पर्व नहीं समाज में एकता , सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संदेश है। नगर में गौरव दिवस को भक्ति भाव श्रद्धा से मनाया’उपस्थित अतिथियों ने गंगा मैया एवं छापी नदी की पूजा-अर्चना कर आरती की। जहां पर मुख्य आरती पं. कमल नागर ने तथा राज्य मंत्री नारायण सिंह पवांर सेमलीयापार विधायक हजारीलाल दांगी , जिला पंचायत अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाह , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी कालुसिंह तोमर , हेमन्त जोशी ने की। इस अवसर पर 2 करोड़ 68 लाख रूपए से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जिसमें विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण और नगर में स्टेट लाइट कार्य शामिल है।

## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के हुए चुनाव



जावर। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के चुनाव रिजल्ट घोषित किए गए। जिसमें अजय सिंह ठाकुर बावड़ी मेहतवाड़ा को युवक कांग्रेस जिला महासचिव बनाया गया। जिसमें अजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मैं सदैव युवा किसान मजदूर की लड़ाई लड़ता रहुंगा। आपका मेरे लिए दिया गया एक एक क्षण कीमती है मैं सदैव आपके एक संपर्क पर उपस्थित रहुंगा। आपका साथ एवं सहयोग ऐसे ही बना रहें।

### शिशु मंदिर में संकुल स्तरीय दक्षता वर्ग आयोजित

चापड़ा। सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा में बुधवार को संकुल स्तरीय दक्षता वर्ग आयोजित हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला समिति सदस्य चेतन उदावत, अरलावदा प्रधानाचार्य गंगाराम, विद्यालय संयोजक मंडल सदस्य रामनारायण यादव का आगमन हुआ। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथि परिचय शारीरिक प्रमुख स्वाती जाट द्वारा कराया गया।

## मिशन संचालक ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को प्रेषित किया प्रशंसा पत्र

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीहोर जिला घोषित हुआ क्लब फुट मुक्त

### कलेक्टर बालागुरू के ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीहोर जिले को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया गया है। मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा इस उपलब्धि के लिए सीहोर जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम को प्रशंसा पत्र प्रेषित किया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. ने भी इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को हार्दिक बधाई दी है। सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि प्राप्त प्रशंसा पत्र में क्लब फुट जैसी जन्मजात समस्या के समय पर उपचार, जनजागरूकता कार्यक्रमों के संचालन, शीघ्र पहचान तथा सतत निगरानी के लिए सीहोर जिले की स्वास्थ्य टीम की सराहना की गई है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अमले के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि 'क्लब फुट' एक जन्मजात विकार है, जिसमें नवजात शिशु के पैर का आकार या दिशा सामान्य नहीं रहती। पैर अंदर की ओर मुड़े हुए दिखाई देते हैं, जिससे बच्चे को चलने में कठिनाई होती है। यदि समय रहते इसका उपचार न किया जाए तो यह बच्चे के जीवनभर की दिव्यांगता का कारण बन सकता है। क्लब फुट का प्रबंधन आमतौर पर पोंसेटी पद्धति से किया जाता है, जिसमें पैर को धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में लाने के लिए कास्टिंग टेनोटोमी (छोटी सर्जरी) और ब्रैसिंग की प्रक्रिया अपनाई जाती है। गंभीर मामलों में सर्जरी की आवश्यकता होती है। प्रारंभिक अवस्था में उपचार शुरू करने से बच्चे के पैर पूर्ण रूप से सामान्य हो सकते हैं।




## विज्ञान रोबोटिक मॉडल में आर्यन को मिला पहला स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल मे आयोजित 29वां संभाग स्तरीय खेल युवा उत्सव प्रतियोगिता मे संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल के छात्र आर्यन परमार ने विज्ञान रोबोटिक मॉडल मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। भोपाल मे 29वां संभाग स्तरीय खेल युवा उत्सव प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा के कक्षा 12वीं के छात्र आर्यन सिंह परमार को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भोपाल की महापोर श्रीमती मालती राय द्वारा छात्र को ट्राफी से सम्मानित किया गया। व छात्र का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ, जिसका आयोजन राविन्द्र नाटय भवन भोपाल मे आने वाली 18 नवंबर को मुख्यमंत्री की उपस्थिति मे होगा। जिसमें छात्र आर्यन सिंह परमार भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेगे। छात्र की इस उपलब्धि पर संचालक मंडल के सभी सदस्यो व सभी शिक्षकों द्वारा शुभकामनाओं के साथ छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक एसएल परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर और समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, ईषा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत शामिल है।

## वीरेंद्र गुर्जर संभाग स्तर पर आए प्रथम, राज्य स्तरीय युवा उत्सव में करेंगे संभाग का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




29 वां राष्ट्रीय युवा उत्सव के अंतर्गत खेल एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित भोपाल संभाग स्तरीय युवा उत्सव में सीहोर के वीरेंद्र गुर्जर ने अपने ओजस्वी व्यक्तव्य कला से भाषण विधा में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण विषय पे अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र तप त्याग और लाखों बलिदानों के बाद स्थापित हुआ हैं इसके संरक्षण हमारा धर्म हैं। वीरेंद्र अब राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे गौरतलब हैं कि उन्होंने जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान हासिल किया था और वो संभाग में सीहोर का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। राज्य स्तरीय युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा उत्सव में सहभागिता करेंगे जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत मंडलम दिल्ली में आयोजित होना हैं। संभाग स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल महापौर मालती राय, राष्ट्रीय सेवा योजना से राहुल परिहार, खेल एवं युवा विभाग जिला अधिकारी वाणी साहू, सह कार्यक्रम अधिकारी संस्कृति विभाग शुभम चौहान आदि उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में वंदे मातरम अमर गान का गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयुक्त उच्च शिक्षा आदेश अनुसार शुक्रवार को शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों व स्टाफ के सदस्यों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन किया। और देश के प्रति सुविचार वाक्य विद्यार्थियों ने बोले साथ ही सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को विद्यार्थियों ने अन्य विद्यार्थियों से पूछे इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भास्कर परमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा वंदे मातरम एक गीत नहीं है बल्कि भारत के आत्म सम्मान स्वाधीनता और मातृभूमि के प्रति असीम भक्ति का घोष है। हम सबको भारतीय ज्ञान परंपरा और साहित्य को पढ़ना चाहिए जिससे देश के प्रति हमारी समझ और मजबूत हो सके। युवाओं को बढ़ते हुए भ्रष्टाचार अनैतिकता के प्रति आवाज उठाने के लिए हमेशा अग्रसर रहना चाहिए। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. दीपेश पाठक ने कहां की वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यह गीत हमें मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और गौरव का भाव सिखाता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी व स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

## सतीश सोनानिया बने खाती समाज के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के केन्द्रिय मार्गदर्शक मंडल व केन्द्रिय कार्य समिति की सहमति से राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया सर द्वारा जिला सीहोर के जिलाध्यक्ष के पद पर समाजसेवी सतीश सोनानिया बाऊजी मुगली के नाम की घोषणा की। सतीश सोनानिया जो कि वरिष्ठ समाज सेवी देवकरणसिंह बाऊजी पूर्व अध्यक्ष मार्केटिंग सोसायटी आष्टा के सुपुत्र है। वही सोनानिया खाती समाज युवा संगठन पूर्व जिलाध्यक्ष, ग्राम मुगली के पूर्व सरपचं एवं वर्तमान में जनपद सदस्य है। आप निरंतर समाज के प्रति अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते आ रहे है, वही समाज के अलावा भी अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठनो में भी इनका महत्वर्पूण योगदान रहता है। आपका सभी वर्गो के लोगो के लिए जहां जैसी आवश्यकता पडती है वह तत्परता से अपनी भूमिका निभाते है। इनकी नियुक्ति पर समाज के एवं अन्य सभी समाज के सभी वरिष्ठजनों एवं युवासाथीयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी इस नियुक्ति पर शुभकामनाएं प्रेषित की है एवं समाज के वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। वहीं सतीश सोनानिया द्वारा अपनी इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाज के सभी वरिष्ठजनों व अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के समस्त पदाधिकारियों एव स्वजनों का आभार व्यक्त किया।

## 33 केवी बड़ी लाइन के कारण रहवासियों में भय

**देवास।** जिले के मुखर्जी नगर, ज्ञान सागर स्कूल, सिटी कान्वेंट स्कूल और अनुकूल नगर क्षेत्रों में बडी लाईन 33 केवी के शिफ्टिंग को लेकर स्थानीय लोगों में गहरी चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राहुल पवार ने इस समस्या के समाधान के लिए रहवासियों के साथ मिलकर अधीक्षण यंत्री कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और अधीक्षण यंत्री के नाम आवेदन दिया है, जिसमें उन्होंने क्षेत्र में लगातार हो रहे फॉल्ट्स और जनहानि के खतरे की ओर ध्यान आकर्षित किया है। आवेदन में बताया गया है कि यह क्षेत्र पूरी तरह से एक रहवासी इलाका है, जहां 33 केवी की बडी लाईन से न तो क्षेत्र के लोगों को कोई लाभ हो रहा है और न ही यह लाईन इलाके की जरूरतों के अनुरूप है। एक साल पहले भी इस लाईन में बड़ा फॉल्ट हुआ था, जिससे क्षेत्रवासियों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे एसी, कूलर, टीवी आदि जल गए थे। इस घटना में आउटसोर्स टीम के एक कर्मचारी की करंट लगने से दुखद मौत भी हो गई थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इसके बाद उन्होंने कई बार एमपीईबी से लाईन शिफ्ट करने की मांग की थी, लेकिन विभाग की सुस्त कार्यवाही के कारण आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। हालात फिर से बिगडने लगे हैं, और पिछले दो दिनों से लाईन में पुनः फॉल्ट हो रहे हैं, जिससे जनता में एक बार फिर से भय का माहौल बन गया है।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर गूंजा राष्ट्रगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को देशभर में वर्षभर मनाए जाने के निर्णय के तहत 7 नवम्बर को तहसील मुख्यालय जावर में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रातः तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा के नेतृत्व में तहसील परिसर में वंदे मातरम का सामूहिक संपूर्ण गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के जोश से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। राष्ट्रगीत गायन के उपरांत नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर तक वर्षभर विशेष कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया है। इन कार्यक्रमों को चार चरणों में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, बाबूलाल पटेल, नप अध्यक्ष मंजू वैद्य, मण्डल अध्यक्ष वीजेन्द्र ठाकुर, कल्याणसिंह ठाकुर, जयसिंह ठाकुर, मनोज वैद्य, मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, हुकम विश्वकर्मा, मुकेश सोनी, बहादुरसिंह ठाकुर, राजस्व निरीक्षक विक्रमसिंह खटीक, प्रवाचक चंद्रशेखर खत्री, महेश माहेश्वरी, शंकरसिंह राजपूत, योगेन्द्र मालवीय सहित पटवारीगण, पत्रकार, जनप्रतिनिधि ,कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 12 लाख 43 हजार मतदाताओं के 1426 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त किए 1426 बीएलओ

# 17 हजार 341 मतदाता गणना पत्रक वितरण की जानकारी दर्ज





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में 12 लाख 43 हजार 780 मतदाताओं को 1426 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त 1426 बीएलओ द्वारा गणना पत्रक दो प्रतियों में दिया जाएगाजिले में अब तक 17 हजार 341 मतदाता गणना पत्रक वितरण की जानकारी एप पर दर्ज कीदेवास।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवास ने बताया कि निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए आयोग के निर्देशानुसार जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिले में कुल 12 लाख 43 हजार 780 मतदाताओं को कुल 1426 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त 1426 बीएलओ द्वारा गणना पत्रक दो प्रतियों में प्रदाय किया जाएगा, जिसे पूर्णतः भरा जाकर बीएलओ को वापस किया जाएगा, एक प्रति बीएलओ द्वारा पावती स्वरूप मतदाता को वापस दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में 06 नवम्बर 2025 तक कुल 17 हजार 341 मतदाताओं को मतदाता गणना पत्रक वितरण की जानकारी ऑनलाइन बीएलओ एप पर दर्ज की जा चुकी है। उपरोक्त कार्य निरंतर 04 दिसम्बर 2025 तक चलेगा।

संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किए गए है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनवाडी कार्यकर्ता तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों के वार्ड कर्मचारियों, दरोगा, राजस्व निरीक्षक को भी नियुक्त किया गया है।विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी निरंतर संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है। जिला स्तर पर तथा सभी विधानसभा स्तर पर सहायता केंद्र एवं कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मतदाताओं को फार्म भरने में असुविधा ना हो इस के लिए बीएलओ एवं सहयोगी कर्मचारी विधानसभा स्तर पर सहायता हेतु उपलब्ध रहेंगे। राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल की ओर से बूथ लेवल एजेण्ट भी नियुक्त किये जाने की कार्यवाही राजनैतिक दलों की ओर से की जा रही है।

## विदिशा ने सीहोर को हराया आज होगा राजगढ़-भोपाल के बीच मुकाबला

### मृत्युंजय ने 40 रन की शानदार पारी खेली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को विदिशा टीम ने सीहोर को पांच विकेट से हराया। इस प्रतियोगिता में विदिशा की ओर से मृत्युंजय भट् ने 40 रन की शानदार पारी खेली।

### 9 बजे होगा मुकाबला

मैच के अंत में एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी-वीरु वर्मा सहित अन्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सुबह टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीहोर की टीम 38.5 ओवर में 109 रन पर सिमट गई। इसमें भविष्य त्यागी-दिव्यांश गुर्जर ने 17-17 रन बनाए, वंश आहुजा ने 16 रन की पारी खेली। इधर विदिशा की ओर से राजवीर धाकड़ ने तीन विकेट, देव-कार्तिक ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदिशा टीम ने 36.1 ओवर में विजय लक्ष्य हासिल किया और पांच विकेट से जीत लिया। इसमें मृत्युंजय ने 40 रन और देव बघेल ने 19 रन की पारी खेली। सीहोर की ओर से नैतिक ने दो विकेट, अंश-आनंद ने एक-एक विकेट हासिल किया। शनिवार की सुबह नौ बजे राजगढ़-भोपाल के मध्य मुकाबला खेला जाएगा।